# प्राक्कथन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (मनरेगस) के कार्यान्वयन की निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणामों को शामिल करते हुए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के इस प्रतिवेदन को संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने हेतु तैयार किया गया है।

निष्पादन लेखापरीक्षा में अप्रैल 2007 से मार्च 2012 की अवधि को शामिल किया। ग्रामीण विकास मंत्रालय, राज्य सरकारों तथा जिले, ब्लाक एवं पंचायत स्तरीय कार्यालयों से संबंधित अभिलेखों की फील्ड लेखापरीक्षा फरवरी से सितम्बर 2012 के बीच की गई थी।